कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/मा–स/22418/शिविरा पंचाग/2018–19/211 दिनांक : 15.4.19

–:: आदेश ::–

शिविरा पंचांग : 2018–19 में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा हेतु 30 अप्रेल, 2019 की तिथि निर्धारित की गई थी । इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांक 29.3.19 द्वारा राज्य में प्रथम चरण में 13 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में दिनांक : 29 अप्रेल, 2019 को मतदान दिवस के क्रम में राजकीय अवकाश के कारण वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा हेतु पूर्व निर्धारित तिथि में संशोधन किया गया था।

सम्पूर्ण राज्य में परीक्षा परिणाम घोषणा में समरूपता के दृष्टिगत पूर्व उल्लेखित आदेश दिनांक 29.03.19 के अधिक्रमण में कक्षा 6, 7, 9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा तथा प्राथमिक स्तर पर कक्षा 1 से 4 के विद्यार्थियो को रिपोर्ट कार्ड वितरण हेतु आगामी वृहद बाल सभा आयोजन की दिनांक **09.05.2019** को ही परीक्षा परिणाम घोषणा तिथि निर्धारित की जाती हैं। सार्वजनिक स्थान पर आयोजित इस वृहद बाल सभा में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा तथा प्रगति पत्रों का वितरण अभिभावको व ग्रामीणों के समक्ष किया जाना सुनिश्चित करावें।

उक्त के अतिरिक्त इन कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा/तृतीय योगात्मक आकलन में प्रविष्ट हुए विद्यार्थियों को परीक्षा समाप्ति के तत्काल उपरांत इस कार्यालय के पूर्व प्रसारित निर्देश पत्र क्रमांक शिविरा/माध्य/मा–स/22492/प्रवेशोत्सव/2019–20/01 दिनांक 26.03.2019 के अनुरूप आगामी कक्षाओं में अस्थाई प्रवेश दिया जा सकेगा। **अन्य विद्यालयों से स्थानान्तरित/नव प्रवेशित विद्यार्थियों को उक्तानुरूप आगामी कक्षाओं में अंतिम परीक्षा परिणाम आने तक के लिये अस्थाई प्रवेश दिया जा सकेगा।**

परीक्षा समाप्ति के उपरांत भी **विद्यालय का संचालन समय शिविरा पंचाग में निर्धारित समयानुसार रहेगा**। उक्त समयावधि में शिक्षकों का दायित्व अधिक बन जाता है, उनके द्वारा विद्यार्थियों के साथ अन्तःक्रिया (Interactions) से उन विद्यार्थियों की अभिरूचि (Interest), अभिवृत्ति (Aptitude) तथा क्षमता (Capacity) के अनुरूप वर्गीकरण कर आगामी शिक्षण योजना तैयार की जावें। इस प्रकार आगामी कक्षा के पाठ्यक्रम का परिचय शिक्षक द्वारा विद्यार्थी के साथ किया जाना चाहिए। विद्यार्थियों की उन जिज्ञासाओं (Curiosities) एवं सम्प्रत्ययों (Concepts) का समाधान किया जावें, जिनका समाधान/ अवबोध विगत कक्षा स्तर में दक्षता पूर्वक नहीं हो सका था। नवीन कक्षा के बुनियादी सम्प्रत्यय (Basic Concepts) एवं संक्रियाओं की प्रारम्भिक अवगति विद्यार्थियों को प्रदान की जावें जिससे कि नियमित अध्ययन के समय सरलता से ग्राह्य हो सके। प्राथमिक स्तर की कक्षाओं हेतु एसआईक्यूई (SIQE) की अवधारणा के अनुसार कक्षा स्तरानुरूप समूह निर्माण किये जावें तथा स्तरोन्नयन हेतु आवश्यक बुनियादी दक्षताओं की अभिवृद्धि हेतु प्रयास किया जावें।

वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा **दिनांक 09.05.2019** को होने के कारण पूरक परीक्षा योग्य घोषित विद्यार्थियों के लिए पूरक परीक्षा का आयोजन ग्रीष्मावकाश के उपरान्त विद्यालयों के पुनः खुलने पर किया जायेगा।

समस्त सम्बन्धितों द्वारा उपर्युक्तानुरूप क्रियान्विति/पालना सुनिश्चित की जाए।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर ।
2. निजी सचिव,प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
4. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद एवं अतिरिक्त आयुक्त, समग्र शिक्षा अभियान, राजस्थान, जयपुर।
5. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
6. शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर।

7. समस्त जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी।
8. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
9. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान,बीकानेर/अजमेर
10. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर।
11. निदेशक, शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग (ई.टी.सैल.), राजस्थान, अजमेर।
12. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
13. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।
14. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) – माध्यमिक/प्रारम्भिक।
15. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान।
16. प्रधानाचार्य,सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर ।
17. प्रधानाचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर ।
18. वरिष्ठ संपादक "शिविरा",प्रकाशन अनुभाग, कार्यालय हाजा को आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
19. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
20. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
21. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर